# मोटोजीपी भारत में मार्को बेजेकी बने चैंपियन




रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटोजीपी भारत के विजेता मार्को बेजेकी को ट्राफी सौंपते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • एएफपी

अभिषेक त्रिपाठी • ग्रेटर नोएडा

बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट (बीआइसी) पर रफ्तार के रोमांच ने 10 वर्षों के बाद अद्‌भुत वापसी की। बीआइसी ने अंतिम बार 2013 में फार्मूला वन रेस की मेजबानी की थी। देश में पहली बार हुई मोटोजीपी भारत की मुख्य रेस में रविवार को मूनी वीआर46 रेसिंग के मार्को बेजेकी ने 36:59.1570 मिनट का समय निकालकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को क्वालीफाइंग रेस में प्रथम रहे इतालवी राइडर बेजेकी को पोल पोजीशन का अतिरिक्त लाभ मिला। वहीं, प्राइमा के जार्ज मार्टिन दूसरे और यामाहा के क्वार्टरटारो तीसरे स्थान पर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजेता मार्को बेजेकी को ट्राफी दी।

बजा अधूरा राष्ट्रगान » 2